2.5 लाख करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाएं तैयार

लखनऊ, विशेष संवाददाता। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरमनी के लिए यूपीसीडा, यीडा, यूपीडा, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गीडा द्वारा 2 लाख 37 हजार 571 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश परियोजनाओं को तैयार कर लिया गया है। इस तरह अभी कुल 1,793 परियोजनाएं तैयार हो चुकी हैं। इनमें वृद्धि की पूरी संभावना है। यह परियोजनाएं डिफेंस कॉरिडोर, लॉजिस्टिक हब, डाटा सेंटर, आईटी पार्क, सोलर पावर पार्क, बल्क ड्रग पार्क से संबंधित हैं।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस-23) में विभिन्न विभागों और औद्योगिक विकास प्राधिकरणों ने जो 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त किए हैं, अब उन्हें ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के माध्यम से धरातल पर उतारने की तैयारी जोर-शोर से हो रही है। इनमें 7.5 लाख करोड़ की परियोजनाएं तैयार हैं, जिनमें औद्योगिक विकास प्राधिकरणों की ओर से करीब 2.5 लाख करोड़ का निवेश भी शामिल है। इन औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में यूपीसीडा, यीडा, यूपीडा, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गीडा शामिल हैं।

यूपीसीडा को सर्वाधिक निवेश प्रस्ताव मिले थे

जीआईएस-23 में सबसे अधिक निवेश प्रस्ताव यूपीसीडा को प्राप्त हुए थे। 3,70,229 करोड़ की 1,494 परियोजनाओं में से यूपीसीडा ने 1,00,218 करोड़ की 1,081 परियोजनाओं को रेडी कर लिया है। इसी तरह यीडा को 1,86,036 करोड़ की 307 परियोजनाओं के निवेश प्रस्ताव मिले थे। इनमें से 31,496 करोड़ की 174 परियोजनाएं धरातल पर उतरने को तैयार हैं।